अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2024
## (शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** मूल्यांकन प्रक्रिया का केन्द्र बिन्दु होता है— **(1)**

(A) शिक्षक (B) विद्यालय

(C) विद्यार्थी (D) प्रधानाचार्य

**2.** रचनात्मक मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य क्या है? **(1)**

(A) अगली कक्षा के लिये चयन (B) छात्रों के सीखने की क्षमता को बढ़ाना

(C) कक्षा में सहयोग देने के गुण को बढ़ाना (D) सीखने में आने वाली कठिनाइयों की समस्या

**3.** मूल्यांकन मापन से अलग है। कैसे? **(1)**

(A) मात्रात्मक न्याय की प्रक्रिया (B) निर्णय लेने की व्यापक प्रक्रिया

(C) गुणात्मक न्याय की प्रक्रिया (D) उपर्युक्त किन्हीं दोनों के आधार पर निर्णय लेना

**4.** मापन का सामान्य सिद्धान्त सम्बन्धित है— **(1)**

(A) गणित से (B) विज्ञान से

(C) भूगोल से (D) अर्थशास्त्र से

**5.** निम्नलिखित में कौन एक प्रभावी मूल्यांकन प्रणाली की विशेषता नहीं है? **(1)**

(A) विश्वसनीयता (B) लचीलापन

(C) वैधता (D) जटिलता

**6.** "विज्ञान का आरम्भ अवलोकन से होता है तथा इसकी अंतिम पुष्टि के लिए अवलोकन में ही लौटना पड़ता है।" अवलोकन की यह परिभाषा किसकी है? **(1)**

(A) ओ. एस. के. दुबे की (B) गुड तथा हैट की

(C) क्रो एवं क्रो की (D) मैकॉबी एवं मैकॉबी की

**7.** सार्थक ज्ञान के लिए निदान एवं उपचार का मार्ग प्रशस्त करता है— **(1)**

(A) समग्र मूल्यांकन (B) मापन

(C) सतत मूल्यांकन (D) व्यापक मूल्यांकन

**8.** विद्यार्थियों के सतत एवं समग्र मूल्यांकन (CCE) पर प्रभावी जोर दिया गया— **(1)**

(A) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में (B) प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति में

(C) मुदालियर आयोग की सिफारिश में (D) इनमें से कोई नहीं

**9.** बौद्धिक योग्यता में बोध का अंग नहीं है— **(1)**

(A) अनुवाद (B) विवेचना

(C) वर्गविस्तार (D) अनुप्रयोग

**10.** बच्चों के सीखने की प्रगति के वर्णन अभिलेख किस पर आधारित है— **(1)**

(A) मौखिक तकनीक (B) परियोजना तकनीक

(C) अवलोकन तकनीक (D) अभिक्रम तकनीक

**11.** क्रियात्मक शोध का अन्तिम चरण होता है— **(1)**

(A) निष्कर्ष (B) प्रदत्त विश्लेषण

(C) परिकल्पना निर्माण (D) सांख्यिकी विश्लेषण

**12.** क्रियात्मक अनुसंधान का प्रमुख उद्देश्य है— **(1)**

(A) क्रियाविधि (B) नैदानिक

(C) विवरणात्मक (D) व्याख्यकारी

**13.** सामुदायिक सहभागिता में नवाचार है— **(1)**

(A) एन.सी.सी. (B) स्काउटिंग

(C) रेडक्रास संस्था (D) उपर्युक्त सभी

**14.** क्रियात्मक शोध के प्रवर्तक हैं— **(1)**

(A) एम.एम. स्टीवेन्स (B) जी.टी. हेल्स्टेडर

(C) स्टीफन एम. कोर (D) ब्रेड फील्ड

**15.** एक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय की विभिन्न संवेगात्मक समस्याओं के कारणों की पहचान व उन्हें दूर करने हेतु कौन सा अनुसंधान किया जाता है? **(1)**

(A) क्रियात्मक अनुसंधान (B) गुणात्मक अनुसंधान

(C) पद्धतिगत अनुसंधान (D) व्याख्यात्मक अनुसंधान

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** सामुदायिक सहभागिता के सन्दर्भ में शिक्षक का क्या दायित्व होता है? **(1)**

**17.** ब्लू प्रिंट क्या है? **(1)**

**18.** क्रियात्मक शोध की एक परिभाषा लिखिए। **(1)**

**19.** परिकल्पना क्या है? **(1)**

**20.** क्रियात्मक शोध के चरण क्या हैं? **(1)**

**21.** उत्तम परीक्षण के दो गुण बताइए। **(1)**

**22.** मौखिक अभिव्यक्ति के साधन कौन-कौन से हैं? **(1)**

**23.** सतत मूल्यांकन के दो महत्व बताइए। **(1)**

**24.** मूल्यांकन के प्रकार बताइए। **(1)**

**25.** मापन एवं मूल्यांकन के दो अन्तर बताइए। **(1)**

**26.** प्रश्न निर्माण की सोपान कौन-कौन से हैं? **(1)**

**27.** साक्षात्कार से आपका क्या तात्पर्य है? **(1)**

**28.** मांसपेशीय एवं अंगिक गतिविधियाँ मूल्यांकन के किस पक्ष से सम्बन्धित होती हैं? **(1)**

**29.** शिक्षण प्रक्रिया की दृष्टि से संज्ञानात्मक पक्ष के स्तर कौन-कौन से हैं? **(1)**

**30.** रचनात्मक मूल्यांकन किसे कहते हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** मूल्यांकन के भावात्मक पक्ष से सम्बन्धित उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**32.** मूल्यांकन की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**33.** शैक्षिक नवाचार के उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**34.** पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के लाभ का वर्णन कीजिए। **(2)**

**35.** अवलोकन प्रविधि की सीमाएँ क्या हैं? **(2)**

**36.** उपचारात्मक शिक्षण किसके लिए आवश्यक है और क्यों? **(2)**

**37.** क्रियात्मक शोध के बारे में बताइए। **(2)**

**38.** शैक्षिक नवाचार के महत्व को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**39.** शिक्षण-अधिगम एवं मूल्यांकन के सम्बन्ध पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**40.** प्रश्नों के प्रकारों का वर्णन कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/2024

2. शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/

3. शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN